हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 फरवरी 2024




04 कार्रवाई के डर से दुकान बंद कर भागा कारोबारी...



08 नाबालिग दौड़ा रहे तेज रफ्तार से वाहन, ताक पर रखे नियम




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2800 | 4402 |
| गेहूं 1544 | 2200 | 3200 |
| चना | 4800 | 5540 |
| मसूर | 5300 | 6370 |
| सोयाबीन | 2700 | 4500 |
| सरसों | 4560 | 5851 |
| धान | 1800 | 3880 |
| उड़द | 5650 | 5760 |
| तेवड़ा | 0000 | 0000 |
| उड़द | 2000 | 2000 |
| मैथी | 2750 | 2750 |
| धनिया | 5280 | 5550 |
| मक्का | 2152 | 2152 |

## खबर संक्षेप

### आज होगा रोजगार दिवस का आयोजन

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर रोजगार दिवस का आयोजन गुरूवार एक फरवरी को आयोजित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की उप महाप्रबंधक श्रीमती जयंती ने बताया कि रोजगार दिवस दोपहर 2 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय विदिशा के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधियों के द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा वहीं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण देखने सुनने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है।

### 70 हजार का गांजा जब्त

**विदिशा।** मुरवास पुलिस ने 70 हजार का 3 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी की खुदारामपुर जोड़ ग्राम छिरारी एक व्यक्ति एक हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए खड़ा है थैले में मादक पदार्थ गांजा है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर पहुंचकर दबोच लिया। घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ा तो उसने अपना नाम राकेश पिता धन्नालाल लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पहाड़गढ़ थाना सुठालिया जिला राजगढ़ का होना बताया। संदेही राकेश लोधी के सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा मिला निकला।




## लंका पर चढ़ाई के लिए बनाया सेतु, पानी में तैरे राम नाम के पत्थर, आज लगेगी लक्ष्मण शक्ति

- रामलीला मेले में सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को रामलीला में रामसेतु निर्माण का प्रसंग प्रदर्शित किया गया। बानर सेना ने रामनाम लिखकर पत्थर और बड़ी बड़ी शिलाएं समुद्र में फेकी, जो तैरने लगीं। सेतु का निर्माण होने के बाद बानर सेना ने लंका की ओर कूच किया। इस लीला देखने के लिए रामलीला मेला परिसर में सैकड़ों की संख्या में दर्शक बैठे रहे।

आज गुरुवार को राम और रावण की सेना का युद्ध होगा और लक्ष्मण जी को शक्ति लगेगी। वहीं छह फरवरी को रावण दहन की लीला का मंचन किया जाएगा। रावण दहन के दिन हजारों की संख्या में लोग मेला परिसर में पहुंचते हैं।

मेले में निगरानी के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनसे पूरे मेला परिसर पर नजर रखी जा रही है। वहीं रावण दहन के दिन भारी संख्या में पुलिस बल मेला परिसर में तैनात किया जाता है। विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला 123 वर्ष पुरानी है। रावण दहन के दिन होने वाली आतिशबाजी को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से तक लोग आते हैं। इस दिन मेला परिसर में सबसे अधिक भीड़ रहती है।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक में दिए निर्देश

## पालन प्रतिवेदन 8 दिन के भीतर दें: जिपं अध्यक्ष सड़क खोदने से पहले पानी का स्त्रोत खोजें: मीणा

- अधिकारियों के रवैये से जनप्रतिनिधि नाराज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने का मामला भी बैठक के दौरान सामने आया।

बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए की सभी जनप्रतिनिधियों के नंबर मोबाइल में होना चाहिए। यदि किसी कारण से फोन नहीं उठा पा रहे हैं तो समय मिलने पर अधिकारी खुद जनप्रतिनिधियों को फोन लगाएं। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए। जनहित के कार्यों में उनकी सलाह ली जाए। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का पालन प्रतिवेदन की जानकारियों से शुरू हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने सभी विभागों के अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिए हैं कि पालन प्रतिवेदन संबंधी समुचित जानकारियां कम से कम 8 दिन पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि संबंधित सदस्यों को पालन प्रतिवेदन की प्रतियां उपलब्ध कराई जा सकें। जिससे वह आगामी बैठक में पालन प्रतिवेदन के आधार पर जानकारियों से अवगत हो सकें और मानिटरिंग कर सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समय सीमा के पश्चात पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजे जाएंगे। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि जिले में पेयजल स्त्रोतों की प्राप्ति के बाद ही पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाए। ताकि स्त्रोत के अभाव में बिछाए गए पाइप लाइन छतिग्रस्त न हो। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान सीसी सड़क पर कटर का उपयोग किया जाए। जिससे सड़क अधिक क्षतिग्रस्त न हो। उन्होंने कहा कि ठेकेदार जेसीबी से पाइप लाइन के लिए गड्ढे खोद देते हैं। विधायक मीणा ने डीपीसी जायसवाल के द्वारा मोबाइल पर किए गए व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा की विधायकों के लिए जो प्रोटोकाल निर्धारित किया गया है उसका पालन करें। जिपं सदस्य धनराज सिंह दांगी ने अहमदपुर डंगरवाड़ा तक प्रधानमंत्री सड़क की अनियमितता का मामला उठाया। बैठक में बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे।



**विदिशा।** सामान्य सभा की बैठक में चर्चा करते जिपं अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि।

### स्कूल शिक्षा विभाग की जानकारियां त्रुटिपूर्वक

स्कूल शिक्षा विभाग के पालन प्रतिवेदन की जानकारियां त्रुटिपूर्वक पाए जाने पर सदस्यों के सुझाव पर उच्च स्तरीय समिति से जांच कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिए गए हैं। बैठक में जिन विभागों के कार्यो की समीक्षा की गई उनमें जिला शिक्षा केन्द्र के निर्माण मरम्मत कार्य, नलजल योजनाओं की समीक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत बजट एवं योजनाओं की जानकारी, जिले में पदस्थ शिक्षक तथा उनकी उपस्थिति संबंधी जानकारी, स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा तथा 15वें वित्त आयोग के संशोधित प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

### विभागों ने अध्यक्ष को दी जानकारी

बैठक में शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य, खनिज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

## वेतन के लिए छात्रावास के आउटसोर्स कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

छात्रावास में तैनात कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से वह परेशान हैं। कर्मचारियों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते बुधवार को कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

रामद्वारा क्षेत्र में स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस छात्रावास में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन दिया। ज्ञापन के जरिए उन्होंने बताया कि वह आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में छात्रावास में पदस्थ हैं। उन्हें पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिला है। जिनमें दो शिक्षक, स्वीपर, सुरक्षा गार्ड और रसोइया शामिल हैं।

सुरक्षा गार्ड टीकाराम कुशवाह ने बताया कि 4 महीने से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। अधिकारियों से जब भी वेतन के संबंध में बात करते हैं तो वह बजट नहीं होने की बात करते हैं। जिसके चलते इस समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है।

## साइबर तहसील परियोजना 2 से लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के समस्त जिलों में साइबर तहसील परियोजना दो फरवरी से लागू की जानी है। जिसके संबंध में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने प्रमुख सचिव राजस्व के द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए बताया कि साइबर तहसील परियोजना का प्रदेश स्तरीय शुभांरभ कार्यक्रम 2 फरवरी को उज्जैन में आयोजित किया गया है। जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लांच किया जाएगा।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की सीएम इवेंट के माध्यम से बेवकास्टिग की जाएगी। बेवकास्ट का लिंक तथा कार्यक्रम के प्रसारण का समय पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा। जिला व तहसील मुख्यालय पर उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठजन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं तहसील स्तर पर सभी पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

## हरिपुरा शासकीय प्राथमिक शाला में छात्र उपस्थिति की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपलधार

संकुल केंद्र पिपलधार के अंतर्गत आने वाला स्कूल हरिपुरा शासकीय प्राथमिक शाला में मनमर्जी से बच्चों की उपस्थिति लगाई जा रही है। 1 से 2 बजे तक भी बच्चों की उपस्थिति नहीं लगाई जाती। उपस्थिति रजिस्टर पर एक छोटी बिंदी रख दी जाती है जिसको बाद में वह छात्र उपस्थिति में बदल देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि मध्यान भोजन की सामग्री के लिए छात्र उपस्थित मांगी जाती है तब उसी के हिसाब से सामग्री मिलती है। छात्र उपस्थिति के हिसाब से ही सरकार द्वारा पैसा आता है। जिसको शिक्षक एवं मध्यान्ह भोजन संचालक मिलीभगत से सरकारी पैसा निकालते हैं। समय पर स्कूल नहीं खोलते हैं। मनमर्जी से स्कूल बंद कर के शिक्षक निकल जाते हैं। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे मनमर्जी से ही बच्चों की हाजिरी भरी जाती है। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नटेरन राकेश सेन का कहना है की स्कूल कराई जाएगी। दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आगे से ऐसा नहीं होने देंगे।

## पदोन्नति पर एसपी ने लगाए स्टार सम्मान से उत्साहित हुए जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के ओर से विदिशा में पदस्थ 2 उप निरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत मिली है। जिसको लेकर बुधवार को विदिशा में पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह परमार व उपनिरीक्षक काजी मो जमीर को स्टार लगाकर पदोन्नति पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत करते हुए उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार व उनि काजी मो जमीर को पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर काम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की पदोन्नति के साथ-साथ उनका विभागीय दायित्व भी बढ़ता है। इसलिए हमें अपने कार्यों को नए जोश के साथ निभाना चाहिए।



## होमगार्ड डिवीजनल कमांडेंट ने निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

होमगार्ड कार्यालय विदिशा में होमगार्ड डिवीजनल कमांडेट ऊषा डामर के द्वारा बुधवार को होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होमगार्ड डिवीजनल कमांडेंट सुश्री डामर के द्वारा परेड की सलामी ली गई। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर रश्मि दुबे ने किया।

सुश्री डामर के द्वारा होमगार्ड जवानों को प्रदाय किट व कार्यालय में उपलब्ध आपदा उपकरणों का निरीक्षण कर अच्छी किट व टार्नआउट वाले जवानों को इनाम से पुरस्कृत किया गया। इसके बाद सुश्री डामर के द्वारा जवानों का सम्मेलन लिया गया। जिसमें होमगार्ड जवानों की समस्याए सुनी गईं व उनका निराकरण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट महेश कुमार हनोतिया, एएसआई लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, एएसआई एम यसीन खान एवं होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान मौजूद रहे।



### दस्तक अभियान: एनीमिया मुक्त भारत की जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई

## 28 फरवरी तक चलेगा अभियान, 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में बुधवार को दस्तक अभियान एनीमिया मुक्त भारत की जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई।

बैठक में बताया गया कि दस्तक अभियान 28 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के जिले के समस्त बच्चों को प्रोटोकॉल अनुसार विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। प्रथम चरण के एनीमिक पाए गए बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच कर उनका उपचार एवं प्रबंध किया जाएगा। स्कूलों व आंगनबाड़ियों में प्रदाय की जाने वाली आयरन सप्लीमेंट्स का सिरप एवं गोलियों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा ने एनआई के संभागीय समन्वयक डीके दुबे एवं एनीमिया मुक्त भारत के संभागीय समन्वयक हुसैन खान ने कार्यक्रम को विस्तार से समझाया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा की जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने आवंटित विकासखंडों का भ्रमण कर मॉनिटरिंग करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल एवं कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समस्त विकास खंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईई, बीपीएम, बीसीएम, बीएएम, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर मौजूद रहे।



### गर्ल्स कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कार्यक्रम आयोजित किया

## 'लड़कियां हर जगह शक्ति, सामर्थ, विवेक का परिचय देती हैं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को गर्ल्स कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ नीता पांडे ने की। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, मुख्य वक्ता अभाविप मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठनमंत्री रोहित दुबे, विशिष्ट अतिथि डीएसपी प्रतिभा शर्मा, राजीव ठाकुर, प्रबल शर्मा उपस्थित रहे।

अपने वक्तव्य में विधायक मुकेश टंडन ने जीवन में खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने छात्राओं को समाज के विभिन्न आयामों के साथ प्रत्येक विधा में आगे बढ़ने लिए किया। अभाविप मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठनमंत्री रोहित दुबे ने छात्राओं को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेने एवं समाज में आज के समय आत्मरक्षण और समाज रक्षण के विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की लड़कियां जहां जाएंगी वहीं अपनी शक्ति, सामर्थ, विवेक का परिचय देती हैं।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया।

### अभावपि चलाया जा रहा मिशन साहसी

कॉलेज प्राचार्य डॉ नीता पांडे ने विद्यार्थी परिषद के कार्य की सराहना करते हुए कहा की अखिल विद्यार्थी परिषद द्वारा मिशन साहसी चलाया जा रहा है। इसके द्वारा छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे छात्राएं आत्म निर्भर बने। डीएसपी प्रतिभा शर्मा ने कहा की किसी भी परिस्थिति से खुद कैसे निपटे यह ऐसे कार्यक्रमों से ही संभव है। इसलिए छात्राओं को प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन राशि भदौरिया प्रांत कार्यकारिणी सदस्य द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मिशन साहसी के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान नगर के 22 विद्यालयों में चित्रकला, निबंध, लेखन, रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम 3 छात्रों को सम्मानित किया गया। मिशन साहसी शिविर जो 15 दिनों से छात्राओं को सुरक्षा ,सम्मान और स्वावलंबन की थीम पर आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4045
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3405
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-2409
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5545
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6251
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4506
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4251
उच्चतम भाव-4850
सरसों
न्यूनतम भाव-3835
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7800
धान
न्यूनतम भाव-1560
उच्चतम भाव-4000
ज्वार
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-6400
तुअर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-8010
बटरी
न्यूनतम भाव-3340
उच्चतम भाव-3340
तिली
न्यूनतम भाव-10500
उच्चतम भाव-10500
अलसी
न्यूनतम भाव-4790
उच्चतम भाव-4790

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 20993 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग बालिका को किया स्वजन के सुपुर्द

**गंजबासौदा।** फरियादी निवासी सकरोली ने शिकायत की थी कि अपनी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट किया। जिस पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विगत दिवस शहर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपहर्त बालिका को सतपाड़ा हाट से ढूंढने में सफलता प्राप्त की एवं बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सर्दी में आई कमी

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से इलाके में सर्दी का प्रकोप कम हो गया है। दिन भर धूप निकल रही है वहीं दूसरी ओर कोहरा और सर्दी में भी कमी आई है। जिससे लोगों को भीषण सर्दी से राहत मिल गई है और वे धूप का आनंद ले रहे हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर गोदाम की जांच करने पहुंची टीम

# कार्रवाई के डर से दुकान बंद कर भागा कारोबारी, नहीं हो सकी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





राशन के चावल का काला कारोबार करने का कारोबार इतना संगठित स्तर से चल रहा है कि प्रशासन भी कार्रवाई करने में संकोच करता है। गत दिवस भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। गत शाम को नागरिकों ने एक गोदाम में बड़ी मात्रा में चावल एवं अन्य जिंस रखी होने की सूचना प्रशासन को दी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उदासीनता बरतते हुए कार्रवाई में असमर्थता जता दी। इसके बाद सुबह कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के निर्देश के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन टीम की खबर पहले ही गोदाम संचालक को मिल गई और वो गोदाम में ताला लगाकर भाग निकला। बाद में मौके पर पहुंची टीम ने गोदाम को सील नहीं किया, बल्कि पंचनामा बनाकर खानापूर्ति कर ली।

उल्लेखनीय है कि कृषि उपज मंडी में पंजीकृत फर्म रिषभ ट्रेडर्स के लायसेंस पर ग्राम गंज में बनी गोदाम पर न सिर्फ बडी मात्रा में चावल, गेहूं, सोयाबीन की खरीदी एवं भंडारण हो रहा है, बल्कि अवैधानिक ढंग से उसका परिवहन भी किया जा रहा है। यह कारोबार इतना संगठित है कि प्रशासनिक, मंडी एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी कार्रवाई करने में संकोच करते हैं। गत शाम को भी मीडिया ने जब प्रशासन को गोदाम में चावल एवं अन्य जिंस बडी मात्रा में रखी होने की जानकारी दी तो अधिकारियों ने कार्रवाई में असमर्थता जता दी। बाद में सुबह कलेक्टर के निर्देश के बाद एसडीएम विजय राय ने अतिरिक्त तहसीलदार अताउल्ला खान, सविता पटेल, मंडी सचिव सुनील भालेकर, आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य, मंडी निरीक्षक शंभूसिंह रघुवंशी, जसवंत सिंह , पंचायत सचिव, जीआरएस सहित अमले की टीम को जांच के लिए भेजा। लेकिन प्रशासनिक टीम के पहुंचने के पहले ही गोदाम संचालक को टीम के आने की खबर मिल गई और वो गोदाम में ताला लगाकर भाग निकला। मौके पर पहुंची टीम को जब ताला लगा मिला तो उन्होंने वहां कोई भी कार्रवाई करने या गोदाम को सील कर बाद में जांच करने में असमर्थता जता दी। देर तक विभागों का दल बंद गोदाम के सामने खड़ा रहा लेकिन व्यापारी कार्रवाई के डर से गोदाम पर नहीं आया। अंतः जांच अधिकारियों को एक पंचनामा बनाकर खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोदाम के अंदर हजारों क्विंटल अनाज भरा पड़ा है अब ऐसे में जांच के पूर्व रातों रात अनाज गायब हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। जबकि मीडिया की टीम की मांग थी कि पूर्व की कार्रवाईयों की तरह पुलिस की मौजूदगी में ताला तोडा जाए अन्यथा गोदाम को सील किया जाए। लेकिन मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने गोदाम सील करने में असमर्थता जताई। इस संबंध में एसडीएम विजय राय ने बताया कि गंज में दो गोदाम पर स्टॉक की जांच की गई है जो गोदाम बंद मिली है उसके संचालक को नोटिस दिया जा रहा है। जिससे गोदाम खुलवाकर जांच कराई जा सके। अगर व्यापारी ने तय समय में गोदाम नहीं खोली तब व्यापारी पर विधि संबद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गोदाम का अगर कोई हिस्से में अवैध निर्माण हुआ है तो उसे भी जांच करवाकर नोटिस देकर हटाया जाएगा।

## अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के अतिथि शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर एक ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि अनेक अतिथि शिक्षक 16 वर्षों से कार्यरत थे। प्रमोशन में आए शिक्षकों के कारण अतिथि शिक्षक बाहर हो गए हैं। उन्हें विभाग में रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। जिससे उनका रोजी-रोटी का संकट दूर हो सके। उक्त ज्ञापन अतिथि शिक्षक संघ की अध्यक्ष कीर्ति शैलेंद्र राजपूत के नेतृत्व में सौंपा गया। जिसमें राजकुमारी अहिरवार, शानू विश्वकर्मा, राखी यादव, राहुल सुमन, सना खान, अंजू अहिरवार, नेतराम अहिरवार, सौरभ दीक्षित, सत्यम प्रभाकर, रिंकू नामदेव आदि शामिल थे।

## सेवानिवृत्ति पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का विदाई समारोह किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को ग्राम पंचायत रोजरू में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शाहिदा खान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच अफसरी बी, कलंदर बेग सहित विद्यालयीन स्टॉफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित मिर्जा रफीक बेग, सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का स्वागत किया।

## विद्यार्थियों को दी विभिन्न जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस आगाज इंटर्न अमन सिंह राजपूत ने माध्यमिक विद्यालय ककरावदा में जाकर बच्चों के संरक्षण के संदर्भ में बाल मजदूरी विषय पर बच्चों से चर्चा की। उन्हे बाल विवाह, बाल अधिकार, गुड टच - बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, रेलवे हेल्पलाइन नंबर -139,आदि विषयों के बारे मे अवगत कराया। परिचर्चा मे इंटर्न अमन राजपूत द्वारा विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों से उनके क्या सपने है एवं उनकी सोच क्या है। अगर बो किसी बच्चे को काम करते हुए देखते है तो बो क्या करेंगे, उनके विचारो को पूछा। उन्हे बताया की कैसे बो उन बच्चों की मदद कर सकते है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ और छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने पर आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं दस हजार के अर्थ दंड की सजा से दण्डित किया गया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार असैया ने बताया कि 16 दिसंबर 2021 को मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग के पिता द्वारा थाना त्योंदा में शिकायत की गई थी कि नाबालिग लड़की दिमागी तौर पर मानसिक रूप से कमजोर है। वह सुबह मजदूरी करने बाहर गया था। पीड़िता शाम 5 बजे घर के पास में ही शमशान की तरफ शौच के लिए गई थी। वहीं आरोपी आया और उसने पीड़िता से जबरदस्ती दुष्कर्म किया। थाना त्योंदा में भादंवि की धारा 376, 506 भादवि एवं 3/4, 5(के)/6 पॉक्सो एक्ट की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई थी।

प्रकरण में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाकर धारा 164 के कथन न्यायालय में कराए गए। संपूर्ण अनुसंधान के बाद चालान न्यायालय में पुलिस द्वारा पेश किया गया। अन्य साक्षीगणों के कथन एवं अभियोजन अधिकारी के तर्क से सहमत होकर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो नीलम मिश्रा ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं दस हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई एवं पीड़िता को चार लाख रुपए की प्रतिकर राशि देने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

## कुल्हार में सुपर मेमू ट्रेन के स्टापेज की मांग को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल-बीना के बीच में चलने वाली सुपर मेमू ट्रेन का स्टॉपेज कुल्हार रेलवे स्टेशन पर किए जाने की मांग को लेकर अनेक ग्रामीणों ने सांसद रमाकांत भार्गव को गत दिवस ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि यह ट्रेन बारह घंटे में चार चक्कर लगाती है। यह दो चक्कर तो रुकती है लेकिन सुपर मेमू नहीं रुकती है। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि कोरोना काल से विंध्याचल एक्सप्रेस एवं दो पैसेंजर ट्रेनों को स्टॉपेज बंद कर दिया गया है। यदि सुपर मेमू का स्टॉपज कुल्हार स्टेशन पर दे दिया जाता है, तो आसपास के लगभग 10-12 गांव के यात्रियों को लाभ होगा।

### कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से बैठक में दिए निर्देश

**गंजबासौदा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव द्वारा वीसी के माध्यम से समय सीमा में लंबित कार्य एवं शासन की योजना क्रियान्वयन करने खंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।




### सरदार पटेल की प्रतिमा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग

**गंजबासौदा।** उज्जैन जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गत दिवस कुर्मी समाज ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 25 जनवरी को कुछ असामाजिक तत्वों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा ट्रैक्टर से बांधकर तोड़ दी थी। साथ ही उपद्रवियों ने - आगजनी और पथराव भी किया, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि महापुरुष की प्रतिमा के साथ इस प्रकार का कृत्य जघन्य अपराध है। सरदार वल्लभ भाई पटेल किसी एक विशेष समाज की नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की धरोहर हैं। उनकी प्रतिमा के साथ इस तरह का कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। यह कृत्य सर्व समाज का अपमान है। कुर्मी समाज ने असामाजिक तत्वों पर रासुका की धारा एवं भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर तत्काल गिरफ्तारी करने एवं अपराधियों के मकान भी तोड़े जाने की मांग की है। साथ ही सरदार पटेल की प्रतिमा को पुर्नस्थापित करने की मांग भी की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि अगर शीघ्र उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदेश भर में आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का किया आयोजन

**गंजबासौदा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेंटर मिल रोड पर स्थित विजन सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 279 मरीज के नेत्र परीक्षण किया। वहीं महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने भी रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन, दिलीप देसाई, गणेश राम रघुवंशी, सुनील बाबू पिंगल ने जानकारी दी इस शहर में 93 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 47 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 33लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं 106 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर हेमंत भंडारी, नितेश नामदेव, देवेंद्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, भूमि शर्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## अभियान 3.0 अंतर्गत बेतवा नदी के रिपटा घाट पर की साफ-सफाई

# साप्ताहिक श्रमदान का सत्रहवा चरण संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के सत्रहवे चरण अंतर्गत श्रमदान दल के तत्वावधान में बेतवा नदी के रिपटा घाट पर साफ, सफाई की गई। इस दौरान भारी मात्रा में कचरा एकत्रित किया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को नदियों जलाशयों व जल स्त्रोतों के प्रति जागरूक करना है ताकि लोग नदियों के महत्व को समझे। आज प्रत्येक व्यक्ति को समझना होगा कि नदियों के बिना मनुष्य जीवन संभव ही नहीं हैं प्राचीन काल से ही नदियां मनुष्य के विकास का आधार रही हैं। बाबजूद आज लोग नदियों के प्रति आवश्यकता से अधिक लापरवाह हो गए हैं नतीजन कई नदियां अपना अस्तित्व खो चुकी है और कुछ खोने के कगार पर हैं। इसलिए आवश्यक हो गया कि आज हर व्यक्ति को नदियों के प्रति जागरूक करना जरूरी है और यही कारण है कि श्रमदान दल पिछले दो वर्ष से लगातार नदियों के संरक्षण और जन जागरूकता के लिए प्रयासरत हैं। इसका परिणाम अब धीरे धीरे दिखने लगा है शहर के लोग जागरूक होने भी लगे हैं। जहां पहले केवल रिपटा घाट से दल के सदस्यों द्वारा औसतन एक ट्राली से अधिक कचरा निकाला जाता था। वहीं इस बार महज दस बोरी ही कचरा निकाला। जिसमें में मुख्यता मुण्डन संस्कार के दौरान उतरवाए गए बाल शामिल थे। जबकि नपा द्वारा मुंडन संस्कार हेतु बेतवा नदी घाट पर दो चबूतरों का निर्माण कराया गया है ताकि लोग यहां वहां मुंडन न कराए। लेकिन कुछ लोग अपनी प्रवृति के चलते बनाई गई व्यवस्थाओ का उल्लंघन करते पाए जा रहे हैं। श्रमदान दल नगर के प्रत्येक नागरिक से आग्रह करता है कि आप स्वच्छता में अपना योगदान दे और मुंडन संस्कार निर्धारित स्थान पर अर्थात चबूतरों पर ही कराए और लोगों को भी चबूतरों पर ही मुंडन संस्कार कराने के प्रेरित करें। स्वच्छता अभियान में नितिन अग्रवाल, सूर्य प्रताप राजपूत, दीपेश शर्मा, राकेश रघुवंशी , अरुण यादव, प्रशांत शर्मा, संस्कार अग्रवाल, आकाश जैन, जैत्र राजपूत उपस्थित थे।

### समाधान शिविर का आयोजन होगा

**गंजबासौदा।** विदिशा जिले में उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर द्वारा समाधान आपके द्वारा योजना के तहत आगामी 24 फरवरी को गंजबासौदा में समझौता समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में राजस्व विभाग के लिए विभिन्न क्लस्टरों का गठन किया जाकर शिविर आयोजन हेतु कार्यक्रम नियत किया है। समाधान आपके द्वारा योजना के तहत 24 फरवरी को उपरोक्त थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले शिविर सुबह 11 बजे से सांय काल 5 बजे के मध्य आयोजित होंगे। बासौदा क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र बासौदा शहर एवं थाना क्षेत्र बासौदा देहात के लिए तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा। जिसके प्रभारी बासौदा तहसीलदार संदीप जायसवाल होंगे जबकि त्योंदा क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र त्योंदा के लिए तहसील कार्यालय त्योंदा के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर प्रभारी तहसीलदार अवधेश यादव को बनाया गया है।

## लाला लाजपत राय का जन्मदिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा लाला लाजपत राय का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के प्रांत संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसकी पक्ष वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोजपुर शहर में हुआ था उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के महान विद्वान थे एवं उनकी माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। उनके घर में आध्यात्मिक और धर्म पुस्तकों का भंडार था। उनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा पास की और रोहतक से हिसार तक आदि नगरों में वकालत करने लगे। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती से विधिवाद दीक्षा ली और आर्य समाज की विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने महर्षि दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय की मानो श्रृंखला ही स्थापित की इनमें अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं आज के समय इन्हें डीएबी स्कूल कॉलेज के नाम से जाना जाता है। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ था। जिसकी अध्यक्षता दादा भाई नौरोजी ने की लालजी इस अधिवेशन में भी कांग्रेस के सदस्य बने कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था जिसमें स्वतंत्रता की बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपत राय ही थे। 30 अक्टूबर 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध में एक प्रदर्शन आयोजित हुआ। जिसका नेतृत्व लाला कर रहे थे प्रदर्शन में भारी भीड़ इकट्ठा हुई इसे देखकर अंग्रेज अधिकारी सांडर्स पूरी तरह बोखला गया और उसने लाठी चार्ज का आदेश दे दिया। जिसमें अंग्रेज पुलिस प्रदर्शनकारियों पर टूट पड़ी और लाठियां बरसाई जिसमें लालजी भी पूरी तरह घायल हो गए। लोगों ने उन्हे अस्पताल में भर्ती किया इलाज के दौरान 17 नवंबर 1928 को उन्होंने संसार से विदा ले ली। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय को पंजाब केसरी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने नौजवान क्रांतिकारियों की एक बड़ी टोली तैयार की वह क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्त्रोत थे। 17 दिसंबर 1928 को ब्रिटिश पुलिस अफ़सर सांडर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मौके पर अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

### सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बीना।** सिविल अस्पताल सभागार में भारतीय तटरक्षक दिवस के अवसर पर आज सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल अस्पताल डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन के द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविरझ 57 का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अब तक 56 रक्त-क्रांति रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें रक्तदाताओं के द्वारा 1767 से अधिक ब्लड यूनिट्स रक्तदान किया जा चुका है। जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान अवश्य करें।

### गंगा मात्र नदी नहीं, एक महान संस्कृति का नाम है: श्वेता त्यागी

# 'गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास' फाउंडेशन ने निकाली प्रभात फेरी, वितरित किया गंगाजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन सुभाष नगर के द्वारा नगर के अनेको वार्डो में प्रभात फेरी के माध्यम से श्रद्धालुओं को गंगा जल बांटा गया।

भारत की संस्कृति है गंगा मात्र नदी ही नहीं, एक संस्कृति है क्योंकि भारत की संस्कृति नदियों के किनारे ही विकसित हुई। गंगा नदी भारतवासियों के विचार, व्यवहार, धर्म-कर्म और परंपरा में हमेशा प्रवाहित होती रहती है। गंगा का प्रवाह वह जीवनधारा है, जो सदा बहने यानि जीवन में कर्म करते रहने, परोपकार और पवित्रता की भावना पैदा करती है। धार्मिक दृष्टि से गंगा कामनाओं को पूर्ण करने वाली, पापों को हरने वाली, मंगलकरणी, सुख, समृद्धि, शांति देने वाली मानी गई है। पवित्र गंगा उत्तराखण्ड के गंगोत्री में गोमुख से निकलकर देवप्रयाग, ऋषिकेश, हरिद्वार, वाराणसी, प्रयाग और अंत में गंगासागर में मिल जाती है। गंगा के प्रसिद्ध आस्था रखने वाले श्रद्धालु पवित्र गंगाजल को अपने साथ लेकर अनेक धार्मिक कार्यों में इस जल का उपयोग करते हैं। इस दौरान प्रभातफेरी में प्रमुख रूप से विक्रम सिंह,देवेंद्र चौहान,अशोक वाणी, पंकज पलिया द्वारा जगह-जगह वार्डो में गंगा जल बांटा गया।







#### इनके प्रयास से हो रहें सामाजिक कार्य

गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेषन की चैयरमैन श्वेता त्यागी एवं आंनद त्यागी के सार्थक प्रयासो के कारण शहर में विभिन्न सामाजिक कार्यो को किया जा रहा है। जिसमें समिति द्वारा केडीबीएम स्कूल व कॉलेज में गरीब,निरधन बच्चों की निषुल्क पढाई व निषुल्क रूप से पहनने के लिए कपडे पुस्तकें आदि दी जाती है। इसी तरह गरीब बस्तियों में समय समय पर सर्दियों में गरीब महिलाओं को स्कूल में बुलाकर गर्म कंबल के साथ साडियों का वितरण कर महिलाओं का सम्मान किया जाता है। उन महिलाओं का सम्मान होता है जो आर्थिक रूप से कमजोर के साथ समाज की मुखधारा से दूर रहती है। समय समय पर शहर के मुख्य स्थानो पर स्वच्छता और सौदर्यकरण के लिए प्रयास किए जाते है। सफाई और सौदर्यकरण के लिए ऐसे स्थानों को चुना जाता है जहां शासकीय योजनाए काम नही कर पाती वहा संस्था अपना कार्य करती है। समिति की चैयरमैन श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी महिला विंग भाजपा की वरिष्ठ पदाधिकारी है। त्यागी समिति के सामाजिक कार्यो के साथ गांव व शहर में देष के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेष सरकार की योजनाओं की जानकारी भी गांव-गांव में चौपाल लगाकर दे रही है।



# वरिष्ठ समाजसेवी पालीवाल ने गायों को खिलाई औषधि और गुड़ के लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

इस समय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसानों के साथ ही पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। वही ग्राम पंचायत मुलगसराय में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी गौ सेवक व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने अपने साथियों के साथ औषधी और गुड़ मिलाकर लड्डू बनाकर जंगल जाते समय चौराहा पर गायों को लड्डू खिलाए। वही श्री पालीवाल ने कहा कि विचार करे इतनी सर्दी में क्या हाल होता होगा इन बेजुबानों का। हम तो अपने घरों की सुख सुविधा में अपने आप को सर्दी से बचा लेते हैं और ये बेजुबान अपने प्राण त्याग देते हैं ये भी हमारी जिम्मेदारी है। इनकी मदद और रक्षा करने में आगे आए। जो भी गो भक्त सहयोग करना चाहे वह स्वयं अपने घर के बाहर जो भी नंदी या गाय माता दिखे तो आप अपने हाथो से लड्डू बनाकर खिलाए। अगर आपके घर के बाहर जो भी जीव सो रहा है उस पर अगर आप पुराने बोरा या कंबल उढा दे तो इस भारी सर्दी मे बड़ी राहत रहेगी। गुड़, अजवायन, बाजरे का आटा सौंठ, बोरी,कंबल दवाई आदि सामर्थ्य अनुसार गो माता की सेवा में सर्दी मे अपना योगदान दे। इस मौके पर रोजगार सहायक राजेन्द्र शर्मा, किषन सिंह, लीलाधर, पप्पू पाल, गोपाल आदि मौजूद रहें।



# सिरोंज के सितारों का उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया गया सम्मान

### नपा व शिक्षा विभाग ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, योजना शाखा की ज्योति दुबे, इंजीनियर रोहित सिंह तोमर, कम्प्यूटर ऑपरेटर मयंक व्यास का एसडीएम हर्षल चौधरी ने सम्मान किया जो कि निर्वाचन के समय उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर किया गया। इस अवसर पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

#### शिक्षा विभाग में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका का सम्मान

शासकीय माध्यमिक शाला बेरखेडी में पदस्थ शिक्षिका फरहत उन निसा खान को कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर एवं छात्र उपस्थिति बढाने के लिए ढोल बजाकर जागरूकता व बच्चों की स्कूल में उपस्थिति के साथ शिक्षा का उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रषस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। शिक्षिका फरहत उन निसा खान भारत स्काउट गाइड जिले की बेस्ट गाइड टीचर है।

# पत्रकार महासंघ की बैठक आयोजित

### संघ शहर की समस्याओं व विकास के मुद्दों को लेकर करेगा पत्रकार वार्ता

वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान एवं सलमान खान का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज पत्रकार महासंघ की बैठक का आयोजन पत्रकार भवन में किया गया। इस अवसर पर बैठक में वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान, वरिष्ठ पत्रकार सलमान खान का सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि हम बडें गौरंवित है कि हमारे संघ के वरिष्ठ पत्रकार एवं संघ के लिए समर्पित रहने वाले एवं पत्रकारों के हित में हमेंषा कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान एवं सलमान खान का सम्मान करने में हमें बडा गर्व महषूस हो रहा है। इस अवसर पर संघ के सभी सदस्यों नें वरिष्ठ पत्रकारों का पगडी बांधकर व शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान ने कहा कि में अभिभूत हूं कि मेरा सम्मान किया गया है। में सदैव संगठन को समर्पित और संघ व पत्रकारों के हितो की रक्षा के लिए जो भी कार्य करने के लिए सदैव तय पर रहूंगा। वही वरिष्ठ पत्रकार सलमान खान ने संघ के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि पत्रकार संगठित रहेगें तो पत्रकारिता के चौथे स्तंभ की ताकत बढेगी। हम हमेषा पत्रकारों के हितो की लडाई सदैव लडतें रहेगें।



#### संघ करेगा रचनात्मक कार्य

इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के हित में जैसे कि निषुल्क स्वास्थ्य प्रषिक्षण षिविर,राष्ट्रीय कार्यक्रमों में संघ की भागीदारी में हिस्सा लिया जाएगा और गरीब बस्तियों में जहां शासन की योंजनाओं का लाभ नही पहुच रहा वहा पर गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही पुनः संघ का सदस्यता अभियान प्रारंभ कर उनके परिचय पत्रों को भी बनाया जाएगा। वही बैठक में एक विषेष निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन माह में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिओं की पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी। जिसमें शहर की समस्याओं व विकास के बारे चर्चा होगी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र रघुवंशी, जफर उल्लाह खान, सलमान अमीन, अब्दुल अलीम, रजी खान, जुनेद खान, इरफान मंसूरी, शेखू खान, कासिम खान, तरबेज आलम, शकील मंसूरी, सुनील नगीना, नदीम खान, महफूज खान, आमिर माविया आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना: 8432 आवेदन मिले, पंजीयन पोर्टल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों का पंजीयन पोर्टल में कराने के निर्देश दिए है। योजना अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन सीएससी व्दारा पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर किया जा रहा है। जिसका सत्यापन सरपंच लागिन से किया जाए।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि समस्त पात्र शिल्पियों का पंजीयन करने के पश्चात सरपंच की लागिन से सत्यापन की कार्यवाही 10 फरवरी तक पूरी की जानी है। इसके लिए जिले के समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त करनें के निर्देश दिए गए है। साथ ही सरपंच, सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक तथा पीसीओ के साथ-साथ अन्य मैदानी अमले को इस कार्य का दायित्वय सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की उप महाप्रबंधक ने बताया कि जिले में कुल 8432 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनका डीएम स्तर पर परीक्षण उपरांत 1371 सही पाए गए है 616 रिजेक्ट हुए है। तृतीय स्तर की स्केनिंग कमेटी के लिए 140 आवेदन फारवर्ड किए गए है। शेष आवेदनों की त्रुटियां सुधार हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों की आईडी पर वापस किए गए हैं।

#### सामूहिक दवा का सेवन 10 से 23 फरवरी तक

विदिशा। फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा का सेवन 10 से 23 फरवरी तक कराया जाएगा। इस दौरान 10 से 13 फरवरी तक बूथ लेबर पर, 14 से 19 फरवरी तक डोर टू डोर संपर्क कर तथा 20 से 23 फरवरी तक छूटे हुए व्यक्तियों को दवा का सेवन टीम व्दारा प्रत्यक्ष में कराया जाएगा। बताया गया है कि 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 100 एमजी की एक गोली डीईसी एवं 400 एमजी की एक गोली एलेवण्डाजोल, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को 200 एमजी की दो गोली डीईसी तथा एक गोली एलवेण्डाजोल तथा 15 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को तीन गोली तथा एक गोली एलवेण्डाजोल की गोली टीम द्वारा समक्ष मे खिलाई जाएगी।

# डॉ. साक्षी ने जीवन को दार्शनिक की भांति जिया : डॉ. शरद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

साहित्यकार स्व. डॉ गोपी रंजन साक्षी की पुण्यतिथि पर म प्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ (सुश्री) शरद सिंह ने कहा कि डॉ. गोपीरजंन साक्षी दार्शनिक विचारों के धनी थे। वे ओशो से प्रेरित थे। उन्होंने अपने जीवन को भी एक दार्शनिक की भांति जिया। डॉ साक्षी की स्मृति में प्रखर प्रतिभा सम्मान युवा शायर नईम माहिर को दिया जाना युवाओं के लिए एक संदेश के समान है। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार टीकाराम त्रिपाठी ने डॉ साक्षी को निजी दुखों को भुलाकर दूसरों के लिए जीवन जीने वाले गंभीर विचारक व ओशो दर्शन के अध्येता के रूप में अभिव्यक्त करते हुए कहा उनकी कविताओं में जीवन दर्शन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि एड डी पी तोमर ने साक्षी जी से जुड़े संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर नवगठित संस्था साक्षी फाउंडेशन द्वारा युवा शायर नईम माहिर को स्व.डा. गोपीरंजन साक्षी प्रखर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती महात्मा गांधी एवं स्व साक्षी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। कवि पूरनसिंह राजपूत ने सरस्वती वंदना की। श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र ने कार्यक्रम परिचय तथा आयोजक आशीष ज्योतिषी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

# एनएम एजुकेशन स्कूल में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

हैदरगढ़ क्षेत्र के एनएम एजुकेशन स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैदरगढ़ के थाना प्रभारी राजेश मिश्रा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

विद्यालय में हुई विभिन्न प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों की प्रस्तुति उनकी कला और प्रतिभा की सराहना की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रेरणा देकर संबोधित किया। कार्यक्रम में ग्यारसपुर से प्रताप सिंह रघुवंशी, हैदरगढ़ सरपंच भैया विश्वकर्मा, जनपद मोकम सिंह कुशवाह, कमलसिंह प्रजापति दुर्गाप्रसाद किरार, इस्लाम खान और दीपक रघुवंशी आदि अतिथि उपस्थित हुए। एनएम एजुकेशन स्कूल संचालक दीपक कुमार साहू एवं समस्त विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अभिजनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।




# पर्यावरण, नदी व जंगलों के संरक्षण के लिए समाज का प्रशिक्षण वर्ग लगा

**विदिशा**। विगत दिनों मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम मां नर्मदा के किनारे बांद्राभान संगम घाट पर निर्मित दिवस वसेरा में हुआ। इसी स्थान से भारतीय जनता पार्टी के स्वर्गीय नेता अनिल माधव दबे द्वारा पर्यावरण एवम नदियों के संरक्षण का अभियान शुरू किया गया था। मप्र के 32 जिलों से लगभग 150 सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। जिन्हें पर्यावरण,नदी एवम जंगल के संरक्षण, कम्युनिटी लीडरशिप, वक्तव्य शैली एवं मीडिया के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही तट पर स्तिथ आश्रम में साध्वी राधा मुनि द्वारा जो कि मूलतः ग्रीस देश की निवासी है। उनके द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को आध्यात्मिक, योग पर चर्चा की गई एवं मां नर्मदा के विशाल एवं आलौकिक कथा बताई गई। ये प्रशिक्षण 26 जनवरी से शुरू होकर 28 जनवरी को समाप्त हुआ। जिसमें अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल किए अनुभवी वक्ताओं ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम प्रमुख वक्ताओं में जय मीनेष कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त लालाराम मीणा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रवि जी वर्मा, पूर्व डीएसपी महेंद्र मीणा, हरिसिंह मीणा, मानसिंह मीणा, राम घुनावत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन मीणा समाज सेवा संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष भीमसिंह सीहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे समस्त प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं ने प्रकति के संरक्षण का संकल्प लिया। विदिशा से प्रदेश महामंत्री जगदीश मीणा, ऋषि राज, अंकित बंटी, राज मीना सहित युवाओं ने 3 दिन प्रशिक्षण में भाग लिया।




# समाधान आपके द्वारा: शिविरों का आयोजन 24 को

### समझौता समाधान शिविरों के लिए क्लस्टरों का गठन कर शिविर प्रभारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर द्वारा समाधान आपके द्वारा योजना के तहत शनिवार 24 फरवरी 2024 को समझौता समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के लिए 35 हजार प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस हेतु कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में राजस्व विभाग के लिए विभिन्न क्लस्टरों का गठन किया जाकर शिविर आयोजन हेतु कार्यक्रम नियत किया है। समाधान आपके द्वारा योजना के तहत विदिशा ग्रामीण व नगरीय क्लस्टरों में सम्मिलित थाना क्षेत्र सिविल लाइन विदिशा, थाना क्षेत्र करारिया, यातायात विदिशा, थाना क्षेत्र कोतवाली विदिशा, थाना क्षेत्र आजाक विदिशा, महिला थाना विदिशा के लिए तहसील कार्यालय विदिशा के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन किया गया है जिसके लिए शिविर प्रभारी तहसीलदार ग्रामीण श्री अजय पाठक तथा तहसीलदार नगरीय विदिशा डॉक्टर अमित सिंह को बनाया गया है। क्लस्टर सिरोंज के सम्मिलित थाना क्षेत्र सिरोंज, दीपना खेड़ा, मुगलसराय और पथरिया के लिए तहसील कार्यालय सिरोंज के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर के प्रभारी तहसीलदार सिरोंज संजय चौरसिया रहेंगे तथा क्लस्टर लटेरी के सम्मिलित थाना क्षेत्र लटेरी, मुरवास, आनंदपुर और उनारसीकलां के लिए तहसील कार्यालय लटेरी के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर के प्रभारी लटेरी तहसीलदार श्री जगनप्रसाद सौर को बनाया गया है। शमशाबाद क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र शमशाबाद के लिए तहसील कार्यालय शमशाबाद के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा जिसके प्रभारी शमशाबाद तहसीलदार दीपक कुमार द्विवेदी होंगे तथा नटेरन क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र नटेरन के लिए तहसील कार्यालय नटेरन के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर की प्रभारी नटेरन तहसीलदार पलक पीडिहा को बनाया गया है। समाधान आपके द्वारा योजना के तहत शनिवार 24 फरवरी को उपरोक्त सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविर सुबह 11 बजे से सांयकाल 5 बजे के मध्य आयोजित होंगे।

#### शिविर के लिए प्रभारियों को नियुक्त किया गया

इसी प्रकार गुलाबगंज क्लस्टर में सम्मिलित थाना क्षेत्र गुलाबगंज के लिए तहसील कार्यालय गुलाबगंज की सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर के प्रभारी तहसीलदार गुलाबगंज श्री के एन ओझा रहेंगे। ग्यारसपुर क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र ग्यारसपुर और हैदरगढ़ के लिए तहसील कार्यालय ग्यारसपुर के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा। शिविर प्रभारी ग्यारसपुर तहसीलदार सौरभ मालवीय को बनाया गया है। बासौदा क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र बासौदा शहर एवं थाना क्षेत्र बासौदा देहात के लिए तहसील कार्यालय बासौदा के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा। जिसके प्रभारी बासौदा तहसीलदार श्री संदीप जायसवाल होंगे जबकि त्योंदा क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र त्योंदा के लिए तहसील कार्यालय त्योंदा के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा शिविर प्रभारी तहसीलदार श्री अवधेश यादव को बनाया गया है। कुरवाई क्लस्टर के सम्मिलित थाना क्षेत्र कुरवाई के लिए तहसील कार्यालय कुरवाई के सभा कक्ष में शिविर आयोजित होगा। शिविर प्रभारी कुरवाई तहसीलदार संदीप शर्मा तथा क्लस्टर पठारी के सम्मिलित थाना क्षेत्र पठारी के लिए तहसील कार्यालय पठारी के सभा कक्ष में शिविर का आयोजन होगा जिसके प्रभारी अभिषेक पांडे तहसीलदार पठारी को बनाया गया है।

# आर्थिक कमजोरी किसी भी बेटी को आगे बढ़ने में बाधक नहीं बनने दी जाएगी : शैलेंद्र जैन

**सागर**। महारानी लक्ष्मीबाई सीएम राइस विद्यालय में कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों के विदाई समारोह आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित थे, उन्होंने बेटियो को उत्साहवर्धक उद्बोधन देकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज असली बेटियों की शिक्षा का एक स्तर पूर्ण करके आप दूसरे स्तर पर प्रवेश कर रहे हैं, यह हमारे जीवन का बहुत बड़ा पड़ाव है यह आपके जीवन का लक्ष्य निर्धारण करेगा स्कूली जीवन का ध्येय अलग होता है और महाविद्यालयीन जीवन में प्रवेश करते ही आपका बचपन गायब हो जाता है और हमारे अंदर जिम्मेदारी और अपने भविष्य की चिंता का अहसास आता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी के जीवन में आर्थिक कमजोरी उसके आगे बढ़ने के मार्ग में अवरोधक नही बनेगी आप चलते रहिए मैं आपकी हर कठिनाई को दूर करूंगा, आप सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़े अपने अंदर की इच्छा और भावों को प्रगट करें और जो आपका मूल है मतलब जो आपकी रुचि है उसको आत्मसात करके अपने अभिभावकों को विश्वास में लेकर अपने कैरियर का चयन करें और आगे सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम को प्राचार्य विनय दुबे ने भी संबोधित किया, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष चोबे, रीतेश मिश्रा, उप प्राचार्य वंदना खरे, राकेश जैन, शीतल जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**-जाहिर सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकित तिवारी पुत्र श्री शिवप्रताप त्रिपाठी निवासी टीला जमालपुरा तहसील हजूर जिला भोपाल म.प्र द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा मकान नं. 33 क्षेत्रफल 15X30 = 450 वर्गफिट टीला जमालपुरा नगर निगम भोपाल हजूर जिला भोपाल म.प्र. है उक्त भूखण्ड / मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार हैं पूर्व में तीन फीट चौड़ी आवचक के बाद अतरदास का मकान पश्चिम में तीन फीट चौड़ी आवचक के बाद लक्ष्मण का मकान, उत्तर में तीन फीट चौड़ी आवचक के बाद नन्नूलाल का मकानः दक्षिण में रास्ता 20 फीट के बाद बाबूलाल का मकान है उक्त भूखण्ड / मकान 1. श्री राम विभूषण त्रिपाठी 2. श्री शिवप्रताप त्रिपाठी पुत्रगण श्री चंद्रभान त्रिपाठी निवासीगण पी. एण्ड टी. कॉलोनी, बैरसिया रोड़ भोपाल के द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी 1. श्री पोली पुत्र बेसहू 2. श्रीमति कमला बाई पत्नि श्री पोली निवासीगण टीला जमालपुरा तहसील हजूर जिला भोपाल म.प्र. से दिनांक 23.12.1975 में क्रय किया गया था उक्त मूल रजिस्ट्री 10 वर्ष पूर्व कहीं खो गई है काफी तलाश करने पर भी वह नहीं मिल पा रही है। उक्त मकान पर श्री अंकित तिवारी पुत्र श्री शिवप्रताप त्रिपाठी निवासी टीला जमालपुरा तहसील हजूर जिला भोपाल म.प्र द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान / भूखण्ड पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या उक्त मूल रजिस्ट्री दिनांक 23.12.1975 पर किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**भवदीय आशीष श्रीवास्तव (एडवोकेट)**
**क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा, जिला विदिशा म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

**रायसेन।** विधानसभा का बजट सत्र 7 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है तथा यह 19 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं कि विधानसभा सत्र समाप्ति तक कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के ना तो अवकाश पर प्रस्थान करेगा और ना ही सार्वजनिक अवकाश में मुख्यालय छोड़ेगा। अपरिहार्य कारणों से यदि अवकाश पर प्रस्थान करना अथवा सार्वजनिक अवकाश में मुख्यालय छोड़ना अनिवार्य हो तो कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त किसी भी कर्मचारी को अवकाश स्वीकृति के लिए अपर कलेक्टर से अनुमति प्राप्त करनी होगी। सभी कार्यालय प्रमुखों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में भेजने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर नोडल अधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर कलेक्ट्रेट को 3 दिन में अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### 2024 की मंडल परीक्षाओं हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**रायसेन।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाएं 5 फरवरी से आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार इन हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07482-222055 है तथा कंट्रोल रूम मोबाईल नम्बर 9981741090, 7509080465 और 8839846405 है। कंट्रोल रूम में भगवत शरण शर्मा उमाशि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, कन्हैयालाल मालवीय प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पिपलई तथा संजय रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रामनगरटोला की ड्यूटी लगाई है।

### श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आगाज

**सिलवानी।** तहसील के मुआर ग्राम में 1 फरवरी गुरुवार से श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु में शामिल होकर संतो के मुखारविंद से कथा का श्रवण करेंगे। ग्राम के टेकरी धाम परिसर में 5 दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 5 फरवरी को किया जाएगा। कथा व्यास के रुप में आचार्य सुरेंद्र शास्त्री श्रीराम चरित मानस विद्यापीठ,विष्णु दत्त शास्त्री भोपाल,महंत कमल नयन दास महाराज मौजूद रह कर श्रद्वालओ को कथा का श्रवण कराएगें। जबकि कथा के द्वितीय दिवस 2 फरवरी कों ब्रम्हचारी जी महाराज बापोली धाम शामिल होकर भक्तो को आषीर्वाद देंगें, बल्कि भगवान श्रीराम की वाणी का रसा स्वादन भी कराएगे। मंच संचालन का दायित्व पंडित राजेद्र प्रसाद शास्त्री मानस पुराण प्रवक्ता चौरास के द्वारा निभाएगा जाएगा। यहां पर कथा व्यास के व्याख्याण का समय दोपहर 1 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक निर्धारित किया है।

## हादसों का बना डर, विभाग नहीं करता कार्रवाई

# नाबालिग दौड़ा रहे तेज रफ्तार से वाहन, ताक पर रखे नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर में यातायात नियमों का हर दिन उल्लंघन हो रहा है। यह नजारा मात्र शहर की सड़कों तथा चौराहों का नही है। बल्कि नगर की गलियों में भी है जहां स्टाइलिश बाइक पर युवा रेसिंग लगाकर अपनी जान के साथ आम जनता को भी मुसीबत में झोंक रहे है।

वाहनों की बेलगाम गति और नाबालिग 12 से 16 वर्ष के बच्चे दोपहिया पर तीन, चार सवारी के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन दौड़ा रहे है। इतना ही नहीं नगर में सैकड़ों वाहन तो ऐसे भी है जिनकी नंबर प्लेटों पर नंबर तक अंकित नहीं है जबकि स्टाइलिश बाइक पर नियम के विरूद्ध नंबर लिखे रहते है। खास बात यह है कि इन सभी स्थितियों से संबंधित विभागों के अफसर भी भली-भांति परिचित है, किन्तु यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर कोई कठोर कार्रवाही नहीं की जा रही है। लिहाजा नियमों के उल्लंघन का सिलसिला खुलेआम होते देखा जा सकता है।


फाइल फोटो

### जोखिम भरा बना सफर

*नगर में यातायात नियम का उल्लंघन किस कदर किया जा रहा है इसका उदाहरण सागर, बरेली, उदयपुरा मार्ग पर ओवर लोड भागते यात्री वाहनों को देखकर आसानी पूर्वक लगाया जा सकता है। नियम और क्षमता के विपरीत यात्रियों को बैठाकर चालक मुसाफिरों के लिए सफर जोखिम बना देते है। स्थिति तो कई बार ऐसी भी देखी जाती है जब चालक तीन से चार यात्रियों को वाहन के पायदान पर लटकाकर उनकी जान से खिलवाड़ करते नजर आते है। वाहन चालकों द्वारा यात्री वाहनों में क्षमता से कई अधिक सवारियां बिठाकर उनकी जान के साथ भी खेल रहे है, लेकिन इन से अनभिज्ञ बना बैठा परिवहन एवं यातायात विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। बस वसूली करना होती है तो सड़कों पर कार्रवाई करते दिख जाते है, लेकिन इन्हें लोगों की जान खतरे में डाल कर संचालित कर रहे वाहन चालकों से कोई लेना देना नहीं है।*

### बाइक की गति पर नहीं ब्रेक

युवाओं के हाथों में बाइक आते ही वे हवा से बातें करने लगते है यानि फैशन और दिखावे में युवा अंधाधुंध गति से वाहनों को चलाते है। मुख्य सड़क हो या ट्राफिक वाली जगह यहीं हाल नगर में देखने को मिलता है। इन हवाबाज चाल1कों में युवाओं से ज्यादा नाबालिग बगों की संख्या शामिल है जो स्टाइलिश वाहनों पर सवार होते ही गति पर नियंत्रण खो देते है। इससे कई बार आमजनता मुश्किलों

# लामबंद होकर पार्षद उतरे सड़क पर, झाड़ू लगाकर की नाली साफ

## लामबंद हुए पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर लगाया मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को नगर पालिका रायसेन के पार्षदों ने नपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद होकर पार्षदों ने सड़क पर उतरकर झाड़ू लगाई। साथ ही नाली भी साफ की पार्षदों का आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष की मनमानी के चलते शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से ठप हो गई है। वार्डों में निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि दीपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान का पूरी तरीके से मजाक बना दिया है। शहर में नगर पालिका द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है। पार्षदों की नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी सुनते नहीं है।

बता दें कि रायसेन नगर पालिका में 18 पार्षद में से 13 पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ हो गए हैं। वहीं इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि जमना सेन का कहना है कि पार्षदों ने विरोध करने का मन बना लिया है उन्हें तो विरोध ही करना है। साथ ही पार्षदों के झाड़ू लगाने और सफाई करने पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही स्वच्छता को आगे बढ़ाने के लिए झाड़ू लगा रहे हैं। ऐसे में पार्षदों ने झाड़ू लगाकर प्रधानमंत्री मादी के अभियान को आगे बढ़ाया है।



### कर्मचारियों को तीन माह से नहीं दिया वेतन

*नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि नपा कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि नगर पालिका के पास चुंगी की प्रतिपूर्ति होने के बाद भी कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया है।*

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु 5 फरवरी से 1 मार्च तक होंगे पंजीयन

**रायसेन।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन के लिए 119 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिले के किसान भाई 05 फरवरी से 01 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में इन निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। विगत रबी एवं खरीफ की भांति इस वर्ष भी किसान पंजीयन को भू-अभिलेख के डाटाबेस आधारित किया जाएगा। वन पट्टाधारी एवं सिकमी किसानों के पंजीयन सुविधा केवल समिति स्तर पर होगी। किसान भाई तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चौहान का सादगी से मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि धर्मेन्द्र चौहान के प्रशंसकों, क्षेत्र के सैकड़ो लोगो द्वारा धार्मिक माहौल में सादगी से जन्मदिन मनाया गया। प्रशंसको एवं धर्मेंद्र चौहान मित्र मंडल द्वारा प्रगति गार्डन में सुंदरकांड, स्वरूचि भोज का आयोजन किया गया।

सुबह से ही जिलेभर से बधाई देने निवास पर सेकड़ो जनप्रतिनिधि, लोग पहुंचते रहे। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, बरेली नपा अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, पंकज श्रीवास्तव, ठाकुर मोहराब सिंह चौधरी, सुरेश पाल, कमलेश राजपाल, अनिल सोनी, रघुवीर सिंह ठाकुर, रजि थॉमस, तुलाराम कुशवाहा, दिनेश शिल्पी, कपिल कुमार अहिरवार, राकेश वर्मा, रामकुमार ठाकुर, शुभम चौहान लल्ला भैया, मुकेश जैन, सेठ धनराज सिंह, आरके चौधरी, एसडीओपी, स्थानीय पत्रकार बंधु, नप पार्षद, क्षेत्रीय सरपंच, जनपद सदस्यों सहित सैकड़ों नागरिको ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।





# बारातियों से भरी बस पलटी, 20 लोग घायल

## बस में 50 यात्री थे सवार, दो गंभीर भोपाल रेफर, घायल बोले- नशे में था ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारातियों से भराकर रायसेन आ रही एक बस अचानक घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार यात्रियों घायल हो गए, जिनमें से 2 को गंभीर चोटे आने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया।

बता दें कि मंगलवार की करीब रात 10 बजे एक बस भोपाल से बारात लेकर रायसेन आ रही थी कि अचानक भोपाल रोड राजीव नगर सेहतगंज के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में 50 बाराती सवार थे, जिसमें से जिसमें 20 लोग घायल हो गए हैं। वहीं लोग दो गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया है। बस पलटने की सूचना मिलते ही एसडीएम मुकेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। लोगों ने बस को सीधा करवाकर बस में फंसे लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। मामूली चौटे आने पर घायलों का अस्पताल में इलाज किया गया, वहीं दो लोगों को भोपाल रेफर कर दिया। बस पलटने के बाद एम्बुलेंस तत्काल मौके पर रवाना की गई। घायलों के आते ही उनका इलाज प्रारंभ कर दिया गया। पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर मरीजों का बयान लेकर मामला दर्ज किया।

घायलों में तौसीफ शेख, इरफान, नसरीन, अरशद खान, मो शोएव खान सहित अन्य लोग घायल हैं। जिसमें से इरफान तोशीफ को भोपाल रेफर किया है। बारातियों ने बताया कि ड्राइवर नशे में था और काफी तेज गति और लापरवाही से बस चला रहा था। इसी दौरान घाटी पर बस बेकाबू होकर पलट गई।



# समग्र आईडी से भूमि खसरे को लिंक करने राजस्व महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

राजस्व विभाग द्वारा सभी किसान अपने समग्र आईडी एवं आधार कार्ड की ई-केवाईसी आवश्यक रूप से करा लें एवं कृषि भूमि के खसरा को आधार कार्ड से लिंक भी करा लें, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि प्राप्त होने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े ।

एसडीएम संतोष मुद्गल एवं तहसीलदार प्रमोद कुमार उइके ने किसानों से अपील की है कि सभी किसान समग्र आईडी एवं आधार कार्ड की ईकेवाईसी कराएं और साथ ही कृषि भूमि खसरो को भी आधार कार्ड से लिंक कराएं। इसके लिए आप अपने नजदीकी सीएससी केंद्र या एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर ई-केवाईसी एवं भूमि खसरों को आधार कार्ड से लिंक करा सकते हैं, अन्यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण की राशि प्राप्त करने में समस्या होगी। अन्य योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह सकते हैं।

इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप अपने ग्राम हल्का पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्राम कोटवार से संपर्क कर सकते हैं।



## राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकृत करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# गैरतगंज-बेगमगंज तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा बुधवार को गैरतगंज तथा बेगमगंज में तहसील कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय गैरतगंज, नायब तहसीलदार न्यायालय गढ़ी और तहसीलदार न्यायालय बेगमगंज का निरीक्षण कर आरसीएमएच पोर्टल सहित न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा उनके निराकरण की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित राजस्व संबंधी अन्य प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों को नियमानुसार दर्ज करते हुए निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालय में विगत 06 माह से अधिक समयावधि के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही दायरा पंजी, वाद पंजी, अतिक्रमण पंजी का भी अवलोकन किया तथा नियमानुसार संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नकल शाखा, कानूनगो शाखा, डब्ल्यूबीएन शाखा का भी निरीक्षण किया और नियमानुसार पंजी संधारित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने तहसील कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित आमजन की समस्याएं भी सुनी और संबंधित एसडीएम तथा तहसीलदार को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम बेगमगंज सौरभ मिश्रा, तहसीलदार गैरतगंज अम्बर पंथी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





## कैंप में प्रश्नोत्तरी, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# वन परिसर सिंगपुरी में किया अनुभूति ईको कैंप का आयोजन

## स्कूली बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन, वन विभाग ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वन विभाग द्वारा अनुभूति ईको कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से स्कूली विद्यार्थियो को वन विभाग की कार्यप्रणाली व वन तथा वन्य प्राणियो वन से प्राप्त होने वाली औषधि आदि गतिविघियो से अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में सामान्य वन मंडल रायसेन की रेंज सिलवानी के परिसर सिंगपुरी (अ) के कक्ष क्रमांक आर एफ 142 में बुधवार को अनुभूति ईको कैम्प का आयोजन किया। जिसमें मॉ शारदा विद्यालय के जिसमे करीब 120 विद्यार्थियो ने शिरकत कर वन विभाग के अधिकारियों से कार्रवाही को समझा।

कार्यक्रम बाघ थीम पर किया, जिसमें उप वनमंडल अधिकारी सामान्य सिलवानी पीके रजक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वन परिक्षेत्राधिकारी पूर्व क्षेत्र सिलवानी आदर्श मिश्रा द्वारा 120 बच्चों को वन भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान वन्यप्राणियों के संरक्षण, संवर्धन एवं वन वर्धनिक कार्यो का प्रबंधन वन विभाग द्वारा कैसे किया जाता है बच्चों को समझाया गया। एसडीओ पीके रजक ने वन एवं वन्यप्राणियों का महत्व तथा पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने में वन एवं वन्य प्राणियों का क्या ओर कैसे योगदान है के सम्बन्ध में समझाया। साथ ही आक्सीजन तथा कार्बनडाई आक्साइड का संतुलन बनाये रखते हैं तथा बादलों के संघनन द्वारा वर्षा में वृद्धि, नदियों को स्वच्छ जल की सतत आपूर्ति, भौतिक रासायिनिक एवं ध्वनि प्रदूषण को कैसे नियंत्रित करते है। छात्र-छात्राओं को वनों में पाये जाने वाली लघु वनोंपज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

पूर्व क्षेत्र रिंजर श्री मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, राष्ट्रीय पशु बाघ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यहां पाये जाने वाले बाघ के शरीर पर पाई जाने वाली काली धारियाँ एवं चेहरे के काले चिन्ह तथा पगचिन्ह प्रत्येक बाघ के अलग-अलग होते हैं। साथ ही अन्य वन्यप्राणियों के संबंध में मनमोहक एवं रोचक जानकारियां बच्चों को दी की गई।




### विद्यार्थियों को कराया वन का भ्रमण

सिलवानी के मॉ शारदा उमा विद्यालय के छात्र छात्राओं को रेंजर श्री मिश्रा एवं कार्यवाहक वनपाल रामशरण सिंह, आत्माराम मैना, वन रक्षक रामकुमार रघुवंशी, ऋषि गुप्ता, राहुल, कल्पना गौड के द्वारा छात्र छात्राओं को वन भ्रमण कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को पुरुष्कृत किया गया।

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

*प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम अतुल राय, द्वितीय संगीता कुशवाह, तृतीय पायल नोरिया को दिया। चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरूष्कार मानशी साहू, द्वितीय अर्शिका, तृतीय आशी नोरिया को दिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम श्रृष्टि गौर, द्वितीय इकरा खान एवं तृतीय शिवांशी धाकड़ को दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिद्वार्थ मिश्रा लेफ्टिनेंट कर्नल भारतीय सेना, मॉ शारदा उमा विद्यालय के संचालक मदन सिंह रघुवंशी, ऋषि गुप्ता, राममनोहर खरे, आत्माराम मैना, रामशरण सिंह, रामदास सोनी, तखतसिंह, लवकुश तिवारी, हरेन्द्र सिंह, संदीप सिंह ठाकुर, राहुल जैन, मो. सोहेब, कल्पना गौंड, संतोष रघुवंशी एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं का आभार राममनोहर खरे परिक्षेत्र सहायक डुंगरिया द्वारा व्यक्त किया।*

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने...

# देवनगर और बम्होरी में किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा जिले में बाल दुर्व्यापार एवं अन्य बाल अधिकारों के उल्लंघन के शिकार बच्चों और परिवारों को विभिन्न योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए सेवा भारती मध्य भारत के माध्यम से आज देवनगर और बम्होरी में आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में सेवा भारती व जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से जोखिमग्रस्त परिवारों की मैपिंग के आधार पर बच्चों व परिवारों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लगभग 600 से अधिक व्यक्तिगत मामले प्राप्त हुए। आयोग के अध्यक्ष श्री कानूनगो द्वारा बच्चों तथा परिजनों से स्वयं चर्चा करते हुए जानकारी ली गई और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कराई गई।

शिविर में स्टॉल लगाकर आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, समग्र आईडी, बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र और मेडीकल बोर्ड द्वारा निःशक्तता पेंशन एवं स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण किया गया।

